उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

**पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत कम्प्यूटर टंकण परीक्षा के आयोजन की तिथि एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सूचना का प्रकाशन**

संख्याःपीआरपीबी–बी–(लिपिक संवर्ग)–21/2025, दिनांकः फरवरी, 13 2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत दिनांक 21.02.2026 एवं 22.02.2026 को प्रस्तावित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा से सम्बन्धित प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट–**http://uppbpb.gov.in** पर दिनांक 15.02.2026 को अपलोड किये जायेंगे। पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के अभ्यर्थी उपलब्ध लिंक पर जाकर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

2– प्रश्नगत पदों पर सीधी भर्ती के लिए पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) पद के अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा समान होने के कारण एक ही प्रवेश पत्र निर्गत किया जा रहा है तथा जिन अभ्यर्थियों द्वारा पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के हेतु आवेदन किया गया है उनकी कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु अलग से प्रवेश पत्र निर्गत किया जा रहा है। उक्त पदों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट–**http://uppbpb.gov.in** पर दिनांक 15.02.2026 को अपलोड किये जायेंगे, जिन्हें अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि व समय पर अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

3–यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे अद्यतन जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट–**http://uppbpb.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

**(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)**
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।